CMYK

Website : www.highwaychannel.in


छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

वर्ष- 29 अंक- 169 रायपुर, रविवार 12 जुलाई 2026 पृष्ठ-8 मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

**महादेव ऑनलाइन सट्टा केस में बड़ा एक्शन**

## श्रीलंका में 147 भारतीय युवक हाउस अरेस्ट, सिकंदर की तलाश में पुलिस






**रायपुर,** 12 जुलाई (हाईवे चैनल)। महादेव ऑनलाइन सट्टा नेटवर्क से जुड़े लोगों की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं। श्रीलंका में कथित ऑनलाइन सट्टा संचालन से जुड़े एक ठिकाने पर स्थानीय पुलिस की कार्रवाई के बाद भारत के 147 युवकों को हाउस अरेस्ट किए जाने की जानकारी सामने आई है। इनमें भिलाई, दुर्ग, रायपुर, राजनांदगांव के अलावा उत्तर प्रदेश और बिहार के युवक भी शामिल बताए जा रहे हैं।

सभी के पासपोर्ट और वीजा जब्त कर जांच की जा रही है। सूत्रों के मुताबिक, महादेव नेटवर्क से जुड़े कथित ऑपरेटर सिकंदर प्रसाद ने युवकों को निजी कंपनी में नौकरी का झांसा देकर श्रीलंका भेजा था। परिजन को बताया गया था कि उन्हें 45 हजार रुपए मासिक वेतन के साथ रहने और खाने की सुविधा मिलेगी। कार्रवाई के बाद कई परिवारों को पता चला कि उनके बच्चे कथित तौर पर ऑनलाइन सट्टा पैनल में काम कर रहे थे। सूत्रों के अनुसार, श्रीलंका में कार्रवाई की जानकारी मिलने के बाद सिकंदर प्रसाद दुबई से भारत लौट आया और फिलहाल फरार बताया जा रहा है। पुलिस उसकी तलाश कर रही है। उस पर पहले भी ऑनलाइन सट्टा नेटवर्क से जुड़े संचालन के आरोप लगते रहे हैं। सूत्रों के अनुसार, महादेव ऐप के कथित प्रमोटरों सौरभ चंद्राकर और रवि उप्पल के खिलाफ भारतीय एजेंसियां कार्रवाई की प्रक्रिया में जुटी हैं। एजेंसियों ने दुबई स्थित उनकी कथित संपत्तियों और गतिविधियों से संबंधित जानकारी भारतीय दूतावास के माध्यम से साझा की है। वहां कार्रवाई तेज बताई जा रही है। प्रशांत पैकरा, सीएसपी छावनी के मुताबिक, ऑनलाइन सट्टा संचालित करने के संदेही सिकंदर के जन्मदिन की पार्टी आयोजित करने की सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची, लेकिन वह वहां नहीं मिला। फिलहाल पुलिस उसके संभावित ठिकानों पर लगातार तलाश कर रही है।

**250 से अधिक गिरफ्तार**

महादेवबुक सट्टा मामले में रायपुर में अब तक 250 से अधिक आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। इसमें अधिकांश आईडी-पैनल संचालित करने वालों के लिए काम करने वाले हैं। पुलिस ने इन्हें जेल भेजा, लेकिन पैनल ऑनर बहुत कम पकड़े गए हैं। कई पैनल संचालकों का नाम उजागर नहीं हो पाया है।

**महादेवबुक से संबंधित करीब 40 एफआईआर दर्ज**

उल्लेखनीय है कि अलग-अलग थानों में महादेवबुक से संबंधित करीब 40 एफआईआर दर्ज है। इसमें सौरभ चंद्राकर, रवि उप्पल और शुभम सोनी को भी आरोपी बताया गया है।

## नदी में डूब रहे दो बच्चों को बचाया, लेकिन खुद जान गंवा बैठा युवक, अगली सुबह मिला शव



**अभनपुर,**12 जुलाई (हाईवे चैनल)। गोबरा नवापारा नगर के नेहरू घाट स्थित महानदी में दो बच्चों की जान बचाने के प्रयास के दौरान डूबे युवक का शव रविवार तड़के नदी किनारे शनि मंदिर के पीछे बरामद हुआ. शनिवार को हुए इस हादसे के बाद SDRF की टीम और स्थानीय गोताखोरों ने देर शाम तक तलाश अभियान चलाया था, लेकिन अंधेरा होने के कारण उसे रोक दिया गया. रविवार सुबह किसी नए सर्च अभियान से पहले ही शव स्वत: बहकर नदी किनारे आ गया। जानकारी के अनुसार, गोबरा नवापारा नगर के इंदिरा मार्केट निवासी प्रदीप कश्यप (35 वर्ष) शनिवार दोपहर अपनी पत्नी के साथ नेहरू घाट पहुंचे थे. उनकी पत्नी नदी किनारे मौजूद थीं. इसी दौरान नदी में नहा रहे दो बच्चे गहरे पानी में फंसकर डूबने लगे. बच्चों को संकट में देख प्रदीप कश्यप बिना देर किए उन्हें बचाने के लिए नदी में कूद पड़े. उन्होंने साहस का परिचय देते हुए दोनों बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाल दिया, लेकिन स्वयं तेज धारा और गहरे पानी की चपेट में आ गए और देखते ही देखते नदी में लापता हो गए। घटना की सूचना मिलते ही गोबरा नवापारा पुलिस, SDRF की टीम और स्थानीय गोताखोर मौके पर पहुंचे. कई घंटों तक तलाश अभियान चलाया गया, लेकिन सफलता नहीं मिली. रात होने के कारण अभियान स्थगित कर दिया गया. रविवार तड़के गोबरा नवापारा क्षेत्र में नदी किनारे शनि मंदिर के पीछे प्रदीप कश्यप का शव खुद से बहकर किनारे आ गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. इस हृदयविदारक घटना ने पूरे क्षेत्र को शोकाकुल कर दिया है. अपनी जान की परवाह किए बिना दो बच्चों की जान बचाने वाले प्रदीप कश्यप के साहस की नगरभर में सराहना की जा रही है।

## होर्मुज में जहाज पर ईरान के हमले के बाद एक भारतीय लापता, 10 को बचाया गया

**नई दिल्ली,** 12 जुलाई (न्यूज चैनल)। होर्मुज जलडमरूमध्य के पास ओमान तट के नजदीक साइप्रस के ध्वज वाले वाणिज्यिक जहाज पर ईरान के हमले के बाद एक भारतीय नागरिक लापता हो गया है। हमले के बाद जहाज में आग लग गई, जिससे चालक दल के सदस्यों को जहाज छोड़ना पड़ा।

विदेश मंत्रालय ने कहा, हम आज ओमान तट के पास वाणिज्यिक जहाज जीएफएस गैलेक्सी पर हुए हमले की कड़ी निंदा करते हैं। जहाज पर सवार 11 भारतीय नागरिकों में से 10 को अब तक सुरक्षित बचा लिया गया है, जबकि एक भारतीय नागरिक के लापता होने की सूचना है।


ओमान में स्थित भारतीय दूतावास स्थिति पर लगातार नजर रखे हुए है और खोज एवं बचाव अभियान में ओमान के अधिकारियों के साथ सक्रिय रूप से तालमेल कर रहा है। इस सहयोग के लिए हम ओमान के अधिकारियों का धन्यवाद करते हैं। मंत्रालय ने आगे कहा, इस क्षेत्र में वाणिज्यिक जहाजों पर लगातार हो रहे हमले बेहद चिंता का विषय हैं। हम एक बार फिर तनाव तुरंत कम करने और बातचीत के जरिये समाधान निकालने की अपील करते हैं।

## नीता अंबानी देश की सबसे पावरफुल महिला

**❑ फॉर्च्यून इंडिया की लिस्ट में नंबर 1 पर**

**नई दिल्ली,** 12 जुलाई (न्यूज चैनल)। रिलायंस फाउंडेशन की चेयरपर्सन नीता अंबानी फॉर्च्यून इंडिया की सबसे पावरफुल टॉप-100 महिलाओं की लिस्ट में पहला स्थान हासिल किया हैं। यह सम्मान उन्हें लीडरशिप और समाज सेवा के लिए मिला है। उनकी लीडरशिप में फाउंडेशन ने शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे क्षेत्रों में काम करते हुए 2.9 करोड़ बच्चों समेत देश के 10 करोड़ से ज्यादा लोगों की जिंदगी बदली है। इवेंट में नीता अंबानी ने कहा, लीडरशिप को करुणा, समावेश और सशक्तिकरण से परिभाषित किया जाना चाहिए। मेरे लिए सच्ची पावर दूसरों को सशक्त बनाना है। भारत को दया, सहानुभूति और सभी जीवों के प्रति सम्मान पर आधारित सॉफ्ट पावर की ज्यादा जरूरत है। नीता अंबानी ने इस बात पर भी जोर दिया कि लड़कियों को सशक्त बनाने से अंतत: देश मजबूत होगा। फॉर्च्यून इंडिया की इस रैंकिंग से पहले, इसी महीने 3 जुलाई को नीता अंबानी को अमेरिका के फ्लोरिडा के ताम्पा शहर में AAPI मैनिटेरियन अवार्ड से सम्मानित किया गया था।





**स्व. दीपक बच्चू भाई हीरजी दामा**

जन्मतिथि 26.02.1963

देवलोक गमन 12.07.2025

# श्रद्धांजलि

किसे पता था यूं ही चला जाएगा कोई
ऐसी जगह जहां से लौटकर ना आएगा कोई।।
लोग तो बहुत मिलेंगे पर
आपकी कमी को पूरा न कर पाएगा कोई।

# स्व. श्री दीपक दामा

## के आज प्रथम पुण्यतिथि पर

## भावभीनी श्रद्धांजलि एवं शत् शत् नमन

**गंगा स्वरूप पार्वतीबेन दामा** (मां), **भारती बेन - जयंती भाई गोरी** (जामनगर)(बहन-जीजाजी), **मुकेश कुमार - मनीषाबेन दामा** (भैया- भाभी)
**शांति दामा** (पत्नी), **हरेश कुमार - नीमाबेन दामा** (भाई- भाई बहू), **हीतेश - दक्षा, मीतेश - फोरम, देवेश - प्रज्ञा** (भतीजा-भतीजा बहू)
**आनंद - हीमानी , चिराग - रिया** (बेटा-बहू), **मनाली- चिन्तन वडोर** (बड़ोदा) (बेटी-दामाद)
**रीचा - विवेक ज्योसर** (वापी) (बेटी-दामाद), **खुशबु - तरूण मंगे** (मुंबई) (बेटी-दामाद), **डॉ. जीनल** (भतीजी), **राहुल** (भतीजा)
**रेहान्स, तोशिव, माधव** (पौत्र), **वंशिका, फलक, आदविका, इरा, मीरा,** (पौत्री), एवं **समस्त दामा परिवार** रायपुर-धमतरी

CMYK